# चक्षु अभियान बना पुलिस की आंखें

## चोरी हुआ ई-रिक्शा 10 दिन में बरामद

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 6 अगस्त. थाना कोतवाली पुलिस ने 10 दिन पूर्व जिला अस्पताल के पास से चोरी हुए ई-रिक्शा को बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. यह सफलता पुलिस को चक्षु अभियान के अंतर्गत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से मिली.**

फरियादी रामनाथ यादव, निवासी ग्राम बरेठी (वर्तमान में छतरपुर) ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका ई-रिक्शा चोरी हो गया है. इस पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया और जांच शुरू की. पुलिस ने जिला अस्पताल, सागर रोड और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली. फुटेज के आधार पर आरोपी को सागर रोड की ओर जाते हुए देखा गया, जिससे उसकी पहचान सुनिश्चित हुई.



पुलिस ने आरोपी अजय अहिरवार पिता दीना अहिरवार, निवासी ग्राम बगोता थाना सिविल लाइन को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के कब्जे से करीब 2 लाख रुपये कीमत का ई-रिक्शा भी बरामद किया गया. आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है. मामले में आगे की जांच जारी है. इस त्वरित कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, उप निरीक्षक श्याम बेन, सहायक उप निरीक्षक गिरजेश राजा, प्रधान आरक्षक संदीप तोमर, राजेश बागरी, विपेन्द्र चौबे, आरक्षक जगभान एवं सीसीटीवी कंट्रोल रूम टीम की अहम भूमिका रही.

### गंभीर हमले को नौगांव पुलिस ने बताया मामूली

जिले के नजदीक ग्राम मऊसहानिया निवासी सीताराम कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि उनके साथ हुई मारपीट की घटना में नौगांव थाना पुलिस ने आरोपियों पर मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया है, जिससे न्याय की उम्मीद धूमिल होती दिख रही है. पीड़ित का कहना है कि गांव के लगभग 12 लोगों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला किया. जिसकी शिकायत उन्होंने तत्काल नौगांव थाने में दर्ज कराई थी. थाने की ओर से आरोपियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज न कर केवल सामान्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया. इसी को लेकर 6 अगस्त को दोपहर 1.30 बजे पीड़ित परिवार ने छतरपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक लिखित आवेदन सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच तथा उचित धाराओं में कार्रवाई की मांग की.



# खजुराहो के होटलों और होमस्टे सेंटरों की जांच

- पुलिस ने संचालकों को दिए आवश्यक निर्देश

**खजुराहो, 6 अगस्त. पर्यटन नगरी खजुराहो में कानून व्यवस्था बनाए रखने और होटलों व होमस्टे की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल एवं थाना प्रभारी सुरभि शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के कई होटल एवं होमस्टे सेंटरों का निरीक्षण किया.**

जांच के दौरान पुलिस ने होटलों की वैधता, आगंतुक रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, आईडी सत्यापन जैसी व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की. इस दौरान कई संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य है. किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी. इसका उद्देश्य अपराध नियंत्रण, पर्यटकों की सुरक्षा और शहर में पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखना है. पुलिस अपील की है कि सभी होटल व होमस्टे संचालक नियमानुसार दस्तावेज सुरक्षित रखें, आगंतुकों की पहचान सत्यापित करें और सीसीटीवी आदि सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करें.



# छापामार कार्रवाई में 11 आरोपी धराए

नवभारत न्यूज

**बुधनी/आष्टा.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही हैं. आबकारी विभाग द्वारा बुधनी एवं आष्टा क्षेत्र से अलग-अलग मामलों में 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की. आबकारी विभाग द्वारा बुधनी क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्यवाही में 61 लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई. जिसकी अनुमानित कीमत 15 हजार रुपए बताई जाती है. इसके साथ ही 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. यह कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक व टीम द्वारा की गई.

इसी प्रकार सहायक जिला आबकारी अधिकारी वर्षा उईके आष्टा एवं आबकारी टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों दबिश देकर 7 लीटर देशी मदिरा जब्त की.

## एक नजर में



### पुलिस ने 12 घंटे में गुमशुदा बालक का ढूढ़ा

**छतरपुर, 6 अगस्त.** छतरपुर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत एक और सराहनीय कार्य करते हुए थाना गुलगंज क्षेत्र से गुम हुए बालक को महज 12 घंटे के भीतर दस्तयाब कर परिजनों से मिलवा दिया. घटना बीती रात की है जब बालक घर से बिना बताए कहीं चला गया था. परिजनों द्वारा थाना गुलगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए तलाश शुरू की. क्षेत्र में लगातार सर्चिंग के बाद बालक को सुरक्षित रूप से खोज लिया गया और परिवार के सुपुर्द किया गया. इस कार्रवाई में एसडीओपी बड़ा मलहरा रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक गुरु दत्त शेषा, प्रधान आरक्षक कैलाश राजपूत, हफीज़ खान, आरक्षक मुकेश प्रजापति, प्रदीप सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही. ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिलेभर में गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित तलाश कर उनके परिवार से मिलाया जा रहा है. जनवरी 2025 से अब तक 296 से अधिक गुमशुदा बालक-बालिकाएं दस्तयाब की जा चुकी हैं. केवल अगस्त माह के शुरुआती 4 दिनों में ही 8 बालक-बालिकाएं सुरक्षित रूप से खोज कर परिजनों से मिलाए गए हैं.

### स्कूल में विद्यार्थी केबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह

**आष्टा.** नगर के अलीपुर क्षेत्र में स्थित मार्टिनेट कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में विगत दिनों सीनियर एवं जूनियर विद्यार्थी केबिनेट का गठन किया गया था. जिनका पदारोहण एवं शपथ ग्रहण समारोह विद्यालय प्रांगण में एसडीओपी आकाश अमलकर एवं विद्यालय के डायरेक्टर नोशे खान के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. समारोह में संगीत के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की. इसके बाद चुने गए सीनियर हेड बॉय रणवीर ठाकुर एवं सीनियर हेड गर्ल नियति तिवारी तथा जूनियर हेड बॉय मुकुल बागवान एवं जूनियर हेड गर्ल दीक्षा बामनिया के नेतृत्व में उनकी टीम चुनी गई. केबिनेट टीम के सदस्यों का अतिथियों ने उनके पद का बेज लगाकर पदभार ग्रहण करवाया साथ ही कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई गई.

### किसान मजदूर संघ की हुई बैठक

**सीहोर.** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक संपन्न हुई. जिसमें किसान हितैषी अनेक समस्याओं पर चर्चा की गई. बैठक में पिछले साल का सोयाबीन बीमा एवं अभ्यास वर्ग, बिजली समस्या, मूंग खरीदी, यूरिया डीएपी एवं की समस्या आदि पर चर्चा की गई. इस दौरान प्रदेश मंत्री बाबूलाल पाटीदार, विक्रम सिंह पटेल, कचरू परमार, धर्मसिंह भेसानिया, देवकरण परमार, राजमल परमार, कन्हैयालाल, मांगीलाल, नारायण सिंह ठाकुर, अरविंद ठाकुर, बाबूलाल पटेल, शिवनारायण वर्मा, कैलाश वर्मा, शैलेन्द्र सिंह, पुरुषोतम आदि उपस्थित थे.

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण

**सीहोर.** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला अभियोजन संचालनालय में पौधारोपण किया गया. जिला अभियोजन संचालनालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पौधों के संरक्षण की शपथ ली गई. इस दौरान प्रभारी सहायक निदेशक अमिता विश्वेन्द्रनाथ बरतरिया एवं सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव, आजम मोहम्मद, रानी जैन, सुश्री बीपूजा राव, अरविन्द सिंह यादव, हिमांशु सराफ एवं समस्त कार्यालयीन कर्मचारीगण द्वारा पौधारोपण अभियान में हिस्सा लेकर एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाया गया.

# छतरपुर एसपी जैन ने वर्चुअल मीटिंग में सुनीं जन समस्याएं

**छतरपुर, 6 अगस्त.** जनसुनवाई को तकनीक से जोड़ते हुए पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा सप्ताह में दो बार वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से सीधे शिकायतकर्ताओं से संवाद किया जा रहा है. इसी क्रम में आयोजित बैठक में एसपी ने ऑनलाइन माध्यम से आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए. बैठक के दौरान लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अगम जैन ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे जनहित से जुड़ी शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें. आवेदन करने का फॉर्मेट आवेदक घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से सीधे एसपी से जुड़ सकते हैं और अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं. इस पहल को जनता से सीधे जुड़ाव और जवाबदेही बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जिससे छतरपुर पुलिस को जनविश्वास और बेहतर कार्यप्रणाली की दिशा में मजबूती मिल रही है.

# तहसीलदार-नायब तहसीलदारों ने शुरू की हड़ताल

- आपदा कार्य छोड़कर अन्य कार्यों का बहिष्कार
- कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, सरकार पर बनाया दबाव

**छतरपुर, 6 अगस्त. छतरपुर जिले के तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों ने अपनी मांगों को लेकर क्रमिक हड़ताल शुरू कर दी है.**

बुधवार दोपहर 1 बजे सभी अधिकारी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया गया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे आपदा प्रबंधन जैसे जरूरी कार्यों को छोड़कर अन्य कोई भी प्रशासनिक कार्य नहीं करेंगे. तहसील स्तर पर राजस्व संबंधी कार्यों के प्रभावित होने की आशंका है.

अधिकारियों का कहना है कि सरकार से कई बार मांगों को लेकर चर्चा हुई, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया. अब उन्होंने चरणबद्ध आंदोलन का रास्ता अपनाया है. यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को जारी रखेंगे.




# हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रेरित कला व प्रदर्शनी

- 15 अगस्त तक तीन चरणों में जारी रहेगा अभियान
- 13 को बनेगी मानव श्रृंखला व 14 को घरों पर लगेंगे तिरंगे

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** 15 अगस्त तक तीन चरणों में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है.

बुधवार को जिले में तिरंगा प्रेरित कला एवं तिरंगा प्रदर्शनी सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गई. इसी प्रकार 7 अगस्त को ग्राम पंचायत एवं संस्था स्तर पर तिरंगा रंगोल, तिरंगा राखी निर्माण तिरंगा बुनाई आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. 8 अगस्त को तिरंगा प्रश्नोत्तरी, तिरंगा सजावट, सैन्यबलों के जवान एवं पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि आयोजित किए जाएंगे. 11 अगस्त को तिरंगा फहराना, तिरंगा मेला, तिरंगा कंसर्ट, 12 अगस्त को तिरंगा रैली, तिरंगा यात्रा, 13 अगस्त को मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान और 14 अगस्त को घर, संस्था, कार्यालय पर ध्वज फहराना एवं सेल्फी अपलोड करना आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी.

अभियान में स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के तहत गांवों में अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. इस दौरान सुजल गांव प्रतिज्ञाएं, सामुदायिक सफाई अभियान वॉश परिसंपत्तियों की सफाई, जागरुकता गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित होंगी. 15 अगस्त को अमृत सरोवर सार्वजनिक स्थानों सहित प्रमुख वॉश अवसंरचना स्थलों पर ध्वजारोहण समारोह होगा.



# प्रतिमा खंडित करने वाला आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**नौगांव, 6 अगस्त. थाना नौगांव क्षेत्र के ग्राम बिलहरी स्थित एक मंदिर में प्रतिमा को क्षति पहुंचाने की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है.**

इस मामले में मंदिर के पुजारी लक्ष्मीनारायण द्वारा की गई रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था. जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया. साथ ही, संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखी गई. कड़ी मेहनत के बाद पुलिस ने ग्राम बिलहरी निवासी छोटेलाल अहिरवार पिता मुन्नीलाल अहिरवार को गिरफ्तार किया. उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथौड़ा भी बरामद किया गया है. फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की विवेचना जारी है. इस त्वरित कार्रवाई में एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही.



# कथा में आज श्रीकृष्ण-रुकमणी का विवाह

**सीहोर.** शहर के गीता मानस में जारी सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के पांचवे दिवस कथावाचक पं. चेतन उपाध्याय ने गोवर्धन लीला के साथ श्रीकृष्ण की लीलाओं का प्रसंग सुनाया.

पंडित श्री उपाध्याय ने कहा भगवान ने अपनी लीलाओं से जहां कंस द्वारा भेजे गए विभिन्न राक्षसों का संहार किया. वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया. कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई. उन्होंने कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था. तब उनका घमंड तोड़ने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी. इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई. प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया. सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ.

# कॉलेज छात्राओं ने दिखाया संकल्प का साहस




**सीहोर.** शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशे से है दूरी, है जरूरी विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम समाज में व्याप्त नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ एक सामूहिक संकल्प का प्रतीक बना.

कार्यक्रम में राजनीति विभाग के सहायक प्राध्यापक रामविकास प्रजापति और हिन्दी विभाग के डॉ. कैलाश विश्वकर्मा ने छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया. इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के निर्देशन में छात्राओं ने सड़क पर जागरुकता रैली निकाली गई. उन्होंने वाहन चालकों से सीधे संवाद करते हुए नशे से दूर रहने और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया. छात्राओं के साहसिक कदम की सराहना करते हुए कई वाहन चालकों ने धन्यवाद व्यक्त किया.

त्यौहार


## भीड़ से बचने अभी से राखी खरीदने बाजारों में बढ़ने लगी भीड़

# राखी बाजार गुलजार, इको फ्रेंडली राखी की डिमांड

नवभारत न्यूज

**हरपालपुर, 6 अगस्त. त्यौहार की रौनक और रिश्तों की मिठास लेकर राखी का बाजार आ गया है. 9 अगस्त को मनाएं जाने वाले रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर बाजार में इको फ्रेंडली एक से बढ़कर एक राखियों की दुकानें एवं हाथ ठेले पर सजने लगी है. राखियां 10 रुपये से लेकर 100 रुपये तक की कीमत पर उपलब्ध है.**

भले ही अभी ग्राहकी कम है, लेकिन भीड़ से बचने अभी से राखी खरीदने निकल पड़े है. रक्षाबंधन का बेसब्री से इंतज़ार कर रही परिवर्तित नाम राखी काजल का कहना है कि अपने भाई के लिए राखी बांधने के लिए तरह-तरह की इको-फ्रेंड्ली और कई किस्म की राखी खरीद रही हूं, इसमें समझौता कैसा. नगर में पेंडिंल आंखें, पत्ते, डोरी, ओम, गणेश वाली खूबसूरत राखियां गिफ्ट्स आइटम होम डेकोर और कई प्रकार की राखियों का बाजार सजाया गया है.



### भद्रा के साये में कभी नहीं बांधे राखी

ज्योतिषियों की मानें तो भद्रा के साये में राखी कभी नहीं बांधनी चाहिए. राखी का सबसे शुभ मुहूर्त इस साल सावन की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट पर होगा. उदयातिथि के अनुसार, रक्षाबंधन का पर्व इस बार 9 अगस्त को ही मनाया जाएगा.

### बीएसएनएल : बहिनें नहीं कर पाएगी बात

भारत संचार निगम लिमिटेड की बीएसएनएल के कस्टमर ढगे जा रहे हैं. आये दिनों सर्वर गायव रहने से उपभोक्ता सेवा का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं. रक्षाबंधन के त्यौहार पर बहिनें अपने परिजनों से बात नहीं कर पा रही है. ऐसे में बहिनें भाइयों को दूसरी कंपनी का रिचार्ज कराकर बात करना पड़ रहा है. उपभोक्ताओं का कहना है कि कर्मचारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैये पर बीएसएनएल महाप्रबंधक व टेलीकाम संचार मंत्री को सख्त कदम उठाना चाहिए.



### 'मेरी 3आर राखी' कार्यक्रम, बच्चों ने बनाई अनोखी राखियां

**छतरपुर, 6 अगस्त.** नगर पालिका छतरपुर की स्वच्छता टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण और पुन: उपयोग की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को मिडिल स्कूल कोरयाना में मेरी 3आर राखी कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व स्वच्छता टीम लीडर विष्णु साहू ने किया. इस विशेष पहल के तहत बच्चों ने पुराने व अनुपयोगी वस्तुओं जैसे रिबन, बटन, कपड़े के टुकड़े, पेपर, पॉलिथीन और धागे का उपयोग कर रक्षाबंधन के लिए सुंदर और रचनात्मक राखियां तैयार कीं. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में 3आर यानी पुन: उपयोग), पुनर्चक्रण) और कमी लाना की सोच को विकसित करना था. कार्यक्रम में बच्चों ने न सिर्फ अपनी रचनात्मकता दिखाई बल्कि पर्यावरण के प्रति जम्मिेदार नागरिक बनने का संकल्प भी लिया. विद्यालय प्रबंधन और नगर पालिका टीम द्वारा बच्चों के कार्यों की सराहना की गई और उन्हें पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया.